

तकनीकी ज्ञान
सम्पन्न किसान

## सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ (उ0प्र0)

# अखिल भारतीय
# किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी

## विषय : कृषि विविधीकरण से पोषण सुरक्षा

**दिनांक: 17, 18 एवं 19 अक्टूबर, 2023**









## मुख्य आकर्षण

- कृषि शिक्षा के अन्तर्गत शिक्षण पाठ्यक्रमों सम्बन्धी जानकारी
- शोध केन्द्रों पर परीक्षण एवं प्रदर्शनों का अवलोकन
- रबी फसलों के बीजों की बिक्री
- आधुनिक कृषि यंत्रों का प्रदर्शन
- कृषि समस्या समाधान हेतु विचार गोष्ठी/चौपाल
- प्रसार साहित्य का निःशुल्क वितरण
- फल-फूल, शाकभाजी एवं परिरक्षित पदार्थ प्रदर्शनी
- अखिल भारतीय पशु प्रदर्शनी प्रतियोगिता
- ड्रोन का सजीव प्रदर्शन
- सांस्कृतिक (रागनी एवं जादूगर) कार्यक्रम

## प्रसार निदेशालय

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें।

मो0 न0 – 9410888885, 9412830557
9412830413, 9450105524





## आवासीय व्यवस्था

मेले में आये किसानों के ठहरने के लिए कृषक/प्रशिक्षण छात्रावास में विश्वविद्यालय के नियमानुसार व्यवस्था की जायेगी तथा मेला प्रांगण में भोजन का प्रबंध भुगतान पर उपलब्ध रहेगा। विशिष्ट एवं अन्य आगन्तुकों के लिए अतिथिगृह में नियमानुसार उपलब्धता के आधार पर कमरों की व्यवस्था भुगतान पर की जायेगी।

## मेला स्थल :

अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का आयोजन विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में किया जा रहा है जो कि दिल्ली–देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 58 पर दिल्ली से लगभग 56 किमी एवं मेरठ शहर से लगभग 10 किमी की दूरी पर सिवाया (मोदीपुरम) में स्थित है।

कृपया मेला भ्रमण हेतु आप सादर आमंत्रित है। आपके आगमन से किसान मेला की शोभा में वृद्धि होना स्वाभाविक है।





## सम्पर्क सूत्र


डा0 पी0के0 सिंह
निदेशक प्रसार
मो0–9411078115
स0व0प0कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ
ईमेल– deesvpuat2014@gmail.com

डा0 सतेन्द्र कुमार मो0–9410888885
डा0 के0जी0 यादव मो0–9412830557
डा0 पी0के0 सिंह मो0–9412830413
डा0 हरिओम कटियार मो0–9450105524
Website : www.svbpmeerut.ac.in


# अखिल भारतीय किसान मेला
# एवं
# कृषि उद्योग प्रदर्शनी

**17 – 19 अक्टूबर, 2023**

## कृषि विविधीकरण से पोषण सुरक्षा

**Nutritional Security through Agricultural Diversification**




**सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय**
**मेरठ, 250 110 (उ.प्र.)**

## विश्वविद्यालय

सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ 21वीं सदी का प्रथम कृषि विश्वविद्यालय है तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से मान्यता प्राप्त है। यह विश्वविद्यालय निरन्तर प्रगति की ओर अग्रसर है। विश्वविद्यालय अपने 6 महाविद्यालयों, 20 कृषि विज्ञान केन्द्रों, 1 कृषि ज्ञान केन्द्र एवं 3 शोध केन्द्रों के माध्यम से किसानों के खेतों तक नवीनतम कृषि तकनीकी पहुँचा रहा है। इसके साथ ही विभिन्न संस्थाओं, संगठनों एवं कृषि निवेश आपूर्तिकर्ताओं के साथ सहभागिता स्थापित कर किसानों की सेवा कर रहा है।

## किसान मेला



आपको जानकर हर्ष होगा कि अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी दिनांक 17–19 अक्टूबर 2023 तक विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में आयोजित हो रहा है। इस तीन दिवसीय किसान मेले के माध्यम से कृषकों, प्रसार कार्यकर्ताओं एवं अन्य आगन्तुकों को कृषि शोध की नवीनतम् तकनीकी, उन्नत कृषि यन्त्रों एवं पशु चिकित्सा विज्ञान की नवीनतम् उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी जायेगी।

मेले में नवीनतम तकनीकी एवं उत्पाद प्रदर्शित करने हेतु 150 से अधिक स्टॉल लगाये जाएंगें। स्टॉलों पर विविधीकरण, कृषि निवेश, शोध कार्य, बीज उत्पादन, जैविक नियन्त्रण, शाक–भाजी उत्पादन, औद्यानिक, पुष्पोत्पादन, औषधीय एवं सुगंधीय पौध, कृषि अभियंत्रण, डेयरी विकास प्रसंस्करण, बायोटेक्नोलॉजी, गृह विज्ञान आदि से सम्बन्धित जानकारी दी जाएगी। विगत किसान मेले में भारी संख्या में किसानों ने भाग लिया है। मेले के तीनों दिन कृषि गोष्ठी/चौपाल का आयोजन कर किसानों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए वैज्ञानिक और किसान रु–ब–रु होते हैं। कृषक गोष्ठी के दौरान विभिन्न विषयों पर उच्चस्तरीय व्याख्यानशाला का भी आयोजन किया जाएगा।

## मेले का प्रसंग

देश के समग्र विकास हेतु कृषि विकास का लाभ विभिन्न काश्तकारों विशेषकर लघु एवं सीमांत कृषकों को मिलना चाहिए। वर्तमान में कृषि उद्योग अनेक चुनौतियों से जूझ रहा है जैसे जलवायु परिवर्तन, उत्पादन में गिरावट, मृदा स्वास्थ्य में कमी, किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य न मिल पाना एवं पोषण असुरक्षा आदि हैं। इसका प्रमुख कारण किसानों में तकनीकी ज्ञान का अभाव है। इसलिए अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी 2023 का मुख्य प्रसंग **"कृषि विविधीकरण से पोषण सुरक्षा"** रखा गया है।

## मेले के प्रमुख आकर्षण

- किसान मेले का उद्घाटन दिनांक 17 अक्टूबर 2023 (पूर्वाह्न)
- कृषि उद्योग प्रदर्शनी।
- विश्वविद्यालय परिसर के शोध केन्द्रों पर परीक्षणों एवं प्रदर्शनों का अवलोकन।
- रबी फसलों एवं सब्जियों की उन्नतशील प्रजातियों के मिनीकिट्स बीजों की उचित मूल्य पर बिक्री।
- आधुनिक कृषि यन्त्रों की प्रदर्शनी।
- कृषि समस्या समाधान हेतु विचार गोष्ठी/चौपाल एवं विशेषज्ञों के व्याख्यान।
- फल–फूल, शाक भाजी एवं परिरक्षित पदार्थ प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता 17–18, अक्टूबर 2023
- पशु प्रदर्शनी दिनांक 17–18, अक्टूबर 2023
- ड्रोन का सजीव प्रदर्शन
- मनोरंजन हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम
- मेला समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 19 अक्टूबर 2023

## पंजीकरण

सम्बंधित कम्पनियों, व्यापारिक संगठनों/प्रतिष्ठानों को मेला स्थल में अपने प्रदर्शन/स्टॉल एवं उत्पादों को बिक्री करने हेतु सादर आमंत्रित किया जाता है। स्टॉल के लिए जमीन एवं पण्डाल (शामियाना, पर्दा, कनात, फर्नीचर) व विद्युत का किराया आकार के आधार पर इस प्रकार निर्धारित है–

1. 30' x 15' (बड़ा साईज) 30,000/–रुपये प्रति स्टॉल
2. 15' x 15' (छोटा साईज) 20,000/–रुपये प्रति स्टॉल

मेले में स्टॉल के अतिरिक्त साज सज्जा का व्यय मेले में भाग ले रहे संस्थान/संगठनों को स्वयं वहन करना होगा। स्टॉल की बुकिंग हेतु धनराशि 10 अक्टूबर 2023 तक ऑनलाइन/बैंक ड्राफ्ट/चैक/नकद द्वारा वित्त नियंत्रक, सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ के नाम पर स्टेट बैंक आफ इण्डिया एस0वी0बी0पी0 कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय शाखा (शाखा कोड 10653, खाता सं0– 10172902350, आई0एफ0एस0सी0– SBIN0010653) मेरठ पर देय होगा।

## प्रदर्शनी

मेले में 17–18 अक्टूबर 2023 (दो दिन) पशु प्रदर्शनी एवं 17 अक्टूबर 2023 को फल–फूल, शाक–भाजी एवं परिरक्षित पदार्थों की प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। प्रदर्शनी में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले पशुओं एवं प्रदर्शों को पुरस्कृत किया जायेगा तथा संस्थाओं एवं कम्पनियों के उत्तम प्रदर्शन के आधार पर स्टालों को भी पुरस्कृत किया जायेगा। इस सम्बन्ध में निर्णायक समिति का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।